## माता पिता की परिक्रमा से गणेशजी ने कर ली पृथ्वी की परिक्रमा : पांडेय



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय टास्क फोर्स की वेबसाइट का हुआ शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा।** उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय द्वारा 08 अगस्त को राष्ट्रीय टास्क फोर्स की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया गया है। जिला बाल सरंक्षरण अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय टास्क फोर्स की वेबसाइट पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, संस्थागत प्रतिनिधियों, उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों के लिए एक केंद्रीय मंच तैयार किया गया है, जहाँ से वे मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण में सुधार से संबंधित अपने विचार और सुझाव साझा कर सकते हैं। जानकारी एकत्र करने हेतु वेबसाइट पर अंग्रेजी एवं हिंदी, दोनों भाषाओं में ऑनलाइन सर्वेक्षण प्रश्नावली उपलब्ध कराई गई है। इसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों, मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तथा संस्थागत प्रतिनिधियों के विचारों को एकत्रित कर नीति निर्माण में उपयोग करना है। जिले के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं एवं स्वयंसेवी संगठनों से आग्रह किया है कि वे उक्त लिंक के माध्यम से अपने सुझाव एवं जानकारी अपडेट करें, ताकि छात्र कल्याण एवं मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस सुधार किया जा सके।

### दीपावली पर अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**जांजगीर-चांपा।** आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर जिले में पटाखों के सुरक्षित उपयोग व अग्नि सुरक्षा के उपायों के संबंध में नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी सुश्री योग्यता साहू ने नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही गुणवत्ता युक्त पटाखे खरीदें, ताकि दुर्घटनाओं के जोखिम को कम किया जा सके। पटाखे हमेशा खुले स्थानों जैसे पार्क या मैदानों में ही जलाएं, इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर रहें। पटाखे जलाते समय पास में पानी की बाल्टी या रेत रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपयोग किया जा सके। साथ ही, सुती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें, क्योंकि सिंथेटिक कपड़े आसानी से आग पकड़ लेते हैं। इस्तेमाल किए गए पटाखों को पानी की बाल्टी में डालकर सुरक्षित तरीके से निपटान करें, ताकि किसी चिंगारी से आगजनी की घटना न हो। उन्होंने कहा कि एक समय में एक ही पटाखा जलाएं और आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें। साथ ही, हवा की दिशा का ध्यान रखें, जिससे कि चिंगारियां घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़ें। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी बताया कि घर के अंदर, खिड़कियों के पास या बंद स्थानों पर पटाखे न जलाएं। पटाखे जलाते समय ढीले या लटकने वाले वस्त्र पहनने से बचें, क्योंकि वे आसानी से आग पकड़ सकते हैं। ज्वलनशील पदार्थों, सूखी पत्तियों, गैस सिलेंडर या वाहनों के पास पटाखे न जलाएं। यदि कोई पटाखा नहीं जलता है, तो उसे दोबारा जलाने

### कान्फ्रेस में सीएम ने दिए है आदेश- कलेक्टर करेंगे वार्डो का निरीक्षण

# काश! शांति नगर में पड़ जाए जिला अधिकारी के कदम

### जहां शहर भर का कचरा हो रहा डंप, स्वच्छता पखवाड़ा में भी वहां नहीं पड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में शांतिनगर वार्ड कचरा डंपिंग यार्ड में तब्दील हो गया है। शहर भर में चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत कलेक्शन किए गए कचरे को यहां फेंक दिया जाता है। इसके बाद इसके नष्टीकरण की कोई योजना आज तक मूर्तरूप नहीं ले सकी। यही नहीं स्वच्छता पखवाड़ा बीत गया और किसी की नजर यहां नहीं पड़ी। अब मुख्यमंत्री ने कांफ्रेस में जिले के कलेक्टर को नगरीय निकायों के वार्डो में निरीक्षण करने आदेश दिए है। ऐसे में शांतिनगर के रहवासियों की उम्मीद अब जिले के मुखिया के उनके वार्ड में निरीक्षण में पहुंचने पर टिकी हुई है।

गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार 12 अक्टूबर को रायपुर राजधानी में आयोजित कलेक्टर्स कांफ्रेंस में स्वच्छता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कलेक्टर सुबह 7 बजे के पहले वार्डो में नजर आए। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता अभियान पर जोर देते हुए कहा है कि जितने भी नगरीय निकाय है, वहां के वार्डो का निरीक्षण जिले के कलेक्टर को करना है। सिर्फ कागजों में ही काम ना हो। धरातल पर काम देखने के लिए कलेक्टर सुबह 7 बजे से पहले वार्डो में पहुंचे। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए इस तरह के निर्देश के बाद जिला मुख्यालय जांजगीर के शांतिनगर के रहवासी अब अपने वार्ड में कलेक्टर के इसी तरह निरीक्षण पर पहुंचने की आस लगाए बैठे है। दरअसल जिला मुख्यालय जांजगीर का शांतिनगर कचरा डंपिंग यार्ड बनकर रह गया है। यहां पूरे शहर से स्टोर किए गए कचरे को डंप किया जाता है। इसके बाद इस कचरे के निपटान की योजना आज तक मूर्तरूप नहीं ले सकी है। खास बात यह है कि जहां पर कचरा डंप हो रहा है, उसी मार्ग से होकर व्हीआईपी का दौरा होता है। इसी मार्ग में जिले के अग्रणी महाविद्यालय, बस स्टैण्ड, श्रम पदाधिकारी कार्यालय, नाप तौल, कृषि उपज मंडी संचालित है। इसके बाद भी यहां कचरे की निपटारे की समुचित पहल आज तक नहीं हो सकी है। सबसे बड़ी विडंबना बात यह है कि बीते दिनों स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया और इस दौरान यहां की सुध किसी ने नहीं ली।



शांति नगर में लगा कचरे का अंबार।

### क्या कहते हैं वार्ड वासी

जांजगीर शहर के वार्ड नंबर 25 के खोखरा रोड मे कचरा रखें जाने को लेकर वार्ड वासी परेशान है। साथ ही साथ श्रम विभाग नापतोल दीनदयाल कॉलोनी एवं पुलिस प्रशासन कॉलोनी में रहने वाले नागरिक भी परेशान है। शांति नगर की मेला राम गुरुवार बाई, रेशम लाल, धनंजय कुमार, जानकी देवी, पवन कुमार सहित अन्य वार्ड वासियों का कहना है कि खोखरा रोड में शहर से निकले कचरे को फेंक दिया जाता है जिसके कारण उन्हें काफी परेशानी होती है। साथ ही साथ संक्रमण का खतरा भी बना रहता है। इस समस्या को लेकर वार्ड वासियों ने एक स्वर में कचरे के निपटारे को लेकर समुचित व्यवस्था बनाने की मांग की है ताकि वार्ड वासियों को कचरे की गंदगी से निजात मिल सके।

### भेजा गया पत्र

शहर के वार्ड नंबर 25 में खोखरा मुख्य मार्ग पर कचरा रखे जाने की सूचना मिली है मुख्य मार्ग पर कचरा होने के कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। इस समस्या को लेकर साथ ही कचरो के सुव्यस्थित प्रबंधन को लेकर जमीन की मांग को लेकर पत्र भेजा गया है।

**-विक्रांत भगत,**
सीएमओ, नपा जांजगीर नैला

# मेडिकल संस्थानो में औषधि प्रशासन विभाग की दबिश, 7 संचालको कों नोटिस

### क्रय विक्रय एवं संधारण कार्य में की गई लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

औषधी प्रशासन विभाग की टीम के द्वारा मेडिकल संस्थानो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संस्थानो के रजिस्टरो की जांच के दौरान क्रय विक्रय एवं संधारण कार्य मे लापरवाही पाए जाने पर 7 मेडिकल दुकानो के संचालको को नोटिश जारी कर स्पष्ट्रीकरण मांगा गया है। साथ ही साथ कफ सिरफ का सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए रायपुर स्थित प्रयोग शाला भेजा गया है।

गौरतलब है कि औषधी प्रशासन विभाग की टीम के द्वारा मेडिकल संस्थानो का निरीक्षण किया गया इस बीच संस्थानो के रजिस्टरो की जांच की गई । जांच के दौरान क्रय विक्रय एवं संधारण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर 7 मेडिकल संस्थान प्रमुखो को नोटिश जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांजगीर शहर के पालीवाल मेडिकल एजेंसी, आयुष्मान मेडिकल, लछनपुर चाम्पा में नारायणी मेडिकल इसी प्रकार अकलतरा में आरोग्य मेडिकल स्टोर, आयुष्मान मेडिकल स्टोर के अलावा सक्ती शहर में भी औषधी प्रशासन विभाग की टीम के द्वारा मेडिकल संस्थानो का निरीक्षण किया गया। इस बीच रजिस्टर की जांच के दौरान पाया गया कि दो मेडिकल संस्थान के संचालको के द्वारा क्रय विक्रय एवं संधारण कार्य में लापरवाही की गई है। इस मामले को लेकर संस्थान प्रमुखो को नोटिश जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वही मासूम बच्चो को दिए जाने वाले कफ सिरफ का सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए रायपुर स्थित प्रयोग शाला भेजा गया है। जहां से जांच रिर्पोट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण कार्य के दौरान औषधी निरीक्षक भुवनेश्वर मोहले, हितेन्द्र बाम्बोडे सहीत उनके स्टाप मौजूद रहे। इसके अलावा औषधी प्रशासन विभाग की टीम के द्वारा मेडिकल संस्थानो में दबिश देकर दवाईयो की जांच की जा रही है। इस दौरान एक्सपायरी दवा पाऐ जाने की स्थिती में दुकान संचालको को दवा को नष्ट करने निर्देशित किया जा रहा है। साथ ही साथ दवाईयो का सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए प्रयोग शाला भेजने की कार्यवाही भी की जा रही है। कई बार देखा जाता है कि मेडिकल दुकान के संचालकों द्वारा मरीजों को एस्पायरी दवा दी जाती है। जिसका असर मरीजों के स्वास्थ्य पर पड़ता है।



मेडिकल दुकान में कार्रवाई करने पहुंचे अफसर।

### जारी किया नोटिस

औषधी प्रशासन विभाग की टीम के द्वारा मेडिकल संस्थानो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रजिस्टरो की जांच की गई । जांच के दौरान क्रय विक्रय एवं संधारण कार्य मे लापरवाही पाए जाने पर 7 मेडिकल संस्थान प्रमुखो को नोटिश जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही साथ कफ सिरप का सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए भेजा गया है।

**-रविन्द्र गेंदले,**
औषधि नियंत्रक, औषधी प्रशासन विभाग

# नशे के कारोबार का गढ़ बनता नवागढ़ क्षेत्र, सो रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार अब बेकाबू होता जा रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में महुआ शराब और अन्य नशीले पदार्थों का व्यापार खुलेआम फल-फूल रहा है। न केवल नवागढ़, बल्कि इसके आसपास के गांवों रोगदा, दाहिदा, धाराशिव, पेंड्री, किरीत और राछाभाटा में भी अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, कटौद गांव में यह कारोबार सबसे व्यापक पैमाने पर होता है। यहां बकायदा झाड़ियों और खेतों के बीच महुआ शराब बनाने और एक बसाहट विशेष में पैक कर बेचने का काम तो अरसे से हो रहा है । स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, रोजाना दर्जनभर गांवों में इसकी सप्लाई की जाती है, जिससे यह कारोबार संगठित रूप ले चुका है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को इस पूरे नेटवर्क की जानकारी है, लेकिन अब तक केवल छोटे विक्रेताओं पर ही औपचारिक कार्रवाई की जाती है। जबकि शराब तैयार करने वाले और बड़ी मात्रा में सप्लाई करने वाले कारोबारियों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। गौरतलब है कि कुछ समय पहले नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम रोगदा में जहरीली शराब पीने से मौत की घटना भी हो चुकी है। इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन की उदासीनता ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि नशे के इस जाल ने युवाओं को बर्बादी के रास्ते पर धकेल दिया है। सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि प्रशासन अविलंब संयुक्त अभियान चलाकर अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाए, ताकि क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रकोप को रोका जा सके।

### की जाएगी कार्रवाई

नवागढ़ क्षेत्र में शराब के अवैध भंडारण व बिक्री को लेकर जानकारी ली जा रही है। जानकारी उपरांत मामला सामने आने पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**-अशोक वैष्णव,**
टीआई, थाना नवागढ़

### अलग अलग जगहों से दो अपहृत नाबालिग को किया बरामद

**जांजगीर- चांपा।** अलग अलग जगहों से दो अपहृत नाबालिक बालिका को बरामद करने में पुलिस को मिली सफलता मिली है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार हिमांशु कुमार द्वारा नाबालिक बालिका को 2 मार्च 2025 की रात्रि में बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना पामगढ मे धारा 137(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। इसी प्रकार पहरिया निवासी रूपेश कुमार माथुर 30 सितंबर की रात्रि में एक नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने की सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में धारा 137 (2)बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए विवेचना दौरान अपहृत बालिकाओं को बरामद किया जाकर दोनों आरोपियों से पूछताछ करने पर शादी करने का झांसा देकर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बलौदा निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़ का विशेष योगदान रहा।

### निरीक्षण में पहुंचे डीईओ ने शिक्षकों को दिए निर्देश

# मध्यान्ह भोजन की दाल में कम करें पानी की मात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सप्ताह के पहले दिन सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक संचालक स्कूलों के औचक निरीक्षण में पहुंचे। इस दौरान एक स्कूल में अपने कालखंड में शिक्षकों की अनुपस्थिति मिली तो दूसरी जगह मध्यान्ह भोजन की दाल में पानी की मात्रा अधिक पाई गई। ऐसे में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए।

सोमवार 13 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा और सहायक संचालक राजकुमार तिवारी विभिन्न स्कूलों के निरीक्षण पर निकले। उन्होंने दर्री नवीन पूर्व माध्यमिक शाला निरीक्षण के दौरान बच्चों की कम उपस्थिति को देखते हुए सभी बच्चों की पूरी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मध्यान्ह भोजन में दाल में पानी की मात्रा को देखते हुए पानी कम करने और गुणवत्तायुक्त भोजन परोसने कहा गया। यहां एक शिक्षिका और एक शिक्षक अपने कालखंड में कक्षा में उपस्थित नहीं थे। इस पर उन्हे चेतावनी दी गई। तत्पश्चात शासकीय हाईस्कूल घुठिया का निरीक्षण किया। जहां सभी व्याख्याता उपस्थित थे। यहां कोई शिकायत नहीं मिली। इसी प्रकार आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय क्रमांक 2 का निरीक्षण किया, जहां व्यवस्था सही पाई गई।



स्कूल का निरीक्षण करने पहुचे डीईओ।




**खबर संक्षेप**

## आईटी के विद्यार्थियों ने किया पोर्टफोलियो प्रदर्शनी



**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद के छात्र-छात्राओं ने 10 अक्टूबर को पूरे 11वीं कक्षा ने प्रैक्टिकल में बनाए जाने वाले पोर्टफोलियो का प्रदर्शन किया। गौरतलब हो कि विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा 2016 से संचालित है जिसके अंतर्गत दो ट्रेड विद्यालय में संचालित हैं जिसमें आईटी भी एक विषय है। इसमें प्रेक्टिकल तथा थ्योरी की क्लास होती है यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना में से एक है इसके तहत ऑनलाइन कक्षाएं तथा प्रैक्टिकल की कक्षाएं शामिल होती हैं । पोर्टफोलियो प्रदर्शनी पर स्कूल के प्राचार्य शिव प्रसाद द्विवेदी तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक अनिल प्रकाश बंजारे ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत का दो दिवसीय प्रवास आज से



**हसौद।** प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब (कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग) आज से दो दिनों के सक्ती प्रवास पर रहेंगे। सक्ती जिला के प्रभारी मंत्री बनने के बाद यह उनका पहला दौरा है, जिसे लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। प्रभारी मंत्री 14 अक्टूबर को हसौद व मालखरौदा होते हुए सक्ती पहुंचेंगे। इस अवसर पर हसौद में उनके स्वागत की जोरदार तैयारी की गई है। जिला पंचायत सभापति सुशीला सिन्हा और हसौद भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुहन यादव के नेतृत्व में हसौद के मंडी प्रांगण में प्रभारी मंत्री का जोरदार स्वागत कर हसौद के प्रसिद्ध मिठाई पेड़ा से प्रभारी मंत्री को तौला जाएगा। प्रभारी मंत्री के आगमन को लेकर हसौद परिक्षेत्र के सतनामी समाज में हर्ष का माहौल है। समाज के लोग पारंपरिक पंथी नृत्य प्रस्तुत कर प्रभारी मंत्री का स्वागत सत्कार करेंगे। प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब हसौद स्थित मुख्य जय स्तंभ में पूजा-अर्चना के बाद मंडी प्रांगण में आयोजित आम सभा को संबोधित करेंगे। प्रभारी मंत्री के प्रवास के दौरान जिले के विकास कार्यों, जनकल्याण योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की भी संभावना जताई जा रही है।

## सेमरिया स्कूल में सामाजिक अंकेक्षण का हुआ आयोजन



**बिर्रा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-2026 के अंतर्गत संकुल केन्द्र सेमरिया के शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में सामाजिक अंकेक्षण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता सामाजिक अंकेक्षण अभियान की जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने कहा कि इस सामाजिक अंकेक्षण शिक्षा गुणवत्ता अभियान का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा के गुणवत्ता का आकलन,मूल्यांकन, विद्यार्थियों के सीखने की दक्षता का आकलन एवं सामुदायिक सहभागिता बढ़ाना है। साथ ही बच्चों को सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा मिलने हेतु इस अभियान को प्रारंभ किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने किया। सबसे पहले समुदाय व टीम लीडर रामसाय देवांगन, गीताराम धृतलहरे द्वारा शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण करते हुए शाला में बच्चों के पढाई के स्तर का आंकलन कर शालाओं को ग्रेड दिया गया। कम ग्रेड वाले में सुधार हेतु कहा गया। न्योता भोजन ग्राम पंचायत सेमरिया,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष,पूर्व सरपंच दुर्गा विश्वनाथ कश्यप,जय मां संतोषी महिला समूह व शिक्षकों के द्वारा दिया गया। रमेश मेहरा नोडल अधिकारी प्राचार्य व विश्वनाथ कश्यप शैक्षिक समन्वयक संकुल केन्द्र सेमरिया द्वारा जानकारी दिया गया कि सामाजिक अंकेक्षण में राज्य द्वारा तैयार बीस प्रश्न पूछते हुए उसके पांच विकल्पों की जानकारी दी गई। सामाजिक अंकेक्षण में रामसाय देवांगन, गीताराम धृतलहरे, रामस्वरूप कश्यप, फूलसाय साहू, राजू साहू, रविराम कश्यप, मंदराज कश्यप,रामकुमार रमेश कुमार,ताम्रध्वज फोटो लाल,जारद खान,धीरज कुमार गुलजार खान,रामपाल, संतोष कुमार उपस्थित थे।

**निधन**

## बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह



**जांजगीर-चांपा।** राजकिशोर नगर बिलासपुर निवासी बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह रिटायर्ड जनरल मैनेजर एम. पी. स्टेट माइनिंग कारपोरेशन बाराद्वार का सोमवार 13 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्ति धाम में हुआ। वे 87 वर्ष के थे। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अरुण सिंह, अरविंद सिंह, अंजु सिंह व अभय सिंह के पिता थे ।

### स्काउट्स-गाइड्स राज्य जांच परीक्षा शिविर का शुभारंभ

# युवाओं में नेतृत्व, सेवा भावना और जिम्मेदारी का विकास करता है शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**छह जिले के 400 से अधिक स्काउट्स-गाइड्स ले रहे भाग**

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड जांच परीक्षा शिविर का शुभारंभ रविवार 12 अक्टूबर को खोखरा स्टेडियम जांजगीर में हुआ। यह शिविर 12 से 16 अक्टूबर तक आयोजित होगा। इस राज्य जांच परीक्षा शिविर में बिलासपुर संभाग अंतर्गत पांच जिले के 400 से अधिक स्काउट्स एवं गाइड्स भाग ले रहे हैं।

शिविर का उद्घाटन राज्य सचिव जितेंद्र साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया, जबकि अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव ने की। राज्य सचिव श्री साहू ने कहा कि सभी परीक्षक और संचालक मंडल के सदस्य अनुशासन और समन्वय के साथ शिविर के सभी टेस्ट को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि यह शिविर युवाओं में नेतृत्व, सेवा भावना और जिम्मेदारी का विकास करता है।मुख्य आयुक्त श्री यादव ने कहा कि जांजगीर में आए सभी स्काउट्स एवं गाइड्स को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा प्रबंध किया गया है। उन्होंने संभाग भर से आए सभी प्रतिभागियों की सफलता की कामना की। इस राज्य जांच परीक्षा शिविर में बिलासपुर संभाग अंतर्गत जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, कोरबा और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के 400 से अधिक स्काउट्स एवं गाइड्स भाग ले रहे हैं। पांच दिवसीय शिविर में विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण, मूल्यांकन एवं सामाजिक उपयोगी सेवा कार्यों का आयोजन किया जा रहा है।



शिविर में उपस्थित स्काउट्स गाइड्स को संबोधित करते अतिथि।

मंच पर राज्य संगठन आयुक्त विजय यादव, पूर्व डीटीसी आर. जी. पांडेय, गाइड मुख्य परीक्षक श्रीमती गणेशी सोनकर, रिटायर्ड प्रिंसिपल वी. के. सिंह सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। शिविर प्रतिवेदन शिविर संचालक मोहन लाल कौशिक ने प्रस्तुत किया। संचालन जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने किया तथा आभार ज्ञापन ट्रेनिंग काउंसलर संजय कुमार यादव ने किया। आवास एवं भोजन व्यवस्था के लिए ज्ञान रोशनी शिक्षा महाविद्यालय खोखरा एवं केशरी शिक्षा महाविद्यालय खोखरा में की गई है जिसके लिए डॉ अखिलेश कटकवार एवं डॉ सुरेश यादव का सहयोग प्राप्त हुआ हैं। इस अवसर पर डीटीसी गाइड कु. श्वेता जायसवाल, गौरी साहू, उमा महोबिया, अरुणा व्यास, मिरी गोलू दुबे, रवि पांडेय सहित शिविर संचालक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# माता पिता की परिक्रमा से गणेशजी ने कर ली पृथ्वी की परिक्रमा : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शिव महापुराण कथा सुनकर झूमते श्रद्धालु।

- शिव महापुराण की कथा के छठवें दिन व्यास आचार्य ने शिव पार्वती विवाह और गणेश, कार्तिकेय जन्म की कथा का किया वर्णन

ग्राम बनारी में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण की कथा के छठवें दिन व्यास आचार्य मनोज पांडे ने शिव पार्वती विवाह और गणेश, कार्तिकेय जन्म की कथा का वर्णन किया।

आचार्य पांडेय ने कहा कि भगवान शिव जी परब्रह्म स्वरूप हैं। हिंदू धर्म में, सनातन धर्म में बहु देव वाद होते हुए भी एकेश्वर वाद है। हिंदू धर्म में ब्रह्म एक ही है,लेकिन उनके पांच स्वरूप सगुण रूप में प्रकट होते हैं। इनमें पहला भगवान विष्णु जी, दूसरे भगवान सूर्य जी, तीसरे में भगवती शक्ति, चौथे गणेश जी और पांचवें भगवान शिव जी। यह पांचो देव ब्रह्म की शक्तियों से संपन्न है, परिपूर्ण है। सृष्टि के तीनों कार्य सृष्टि, स्थिति और विनाश ये तीनों को करने में यह पांचो समर्थ हैं। आचार्य श्री ने कहा कि भगवान शिव जी का परिवार अद्भुत है, उनके परिवार में ब्रह्म के तीन स्वरूप हैं। स्वयं शिवजी, भगवान गणेश जी और माता पार्वती जी । किसी किसी ग्रंथ में ब्रह्म का छठा स्वरूप कार्तिकेय जी को माना गया है, तो इस प्रकार ब्रह्म के छह स्वरूप में से चार भगवान शिव जी के ही परिवार में हैं। उन्होंने बताया कि भगवान शिव जी और पार्वती जी के विवाह के पश्चात कार्तिकेय जी और गणेश जी पुत्र रूप में प्रकट होते हैं । गणेश जी और कार्तिकेय जी में प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। भगवान शिव ने कहा कि तुम दोनों में जो पहले पृथ्वी की परिक्रमा करके वापस आएगा उसी का विवाह पहले होगा। कार्तिकेय जी अपने वाहन मयूर पर सवार होकर परिक्रमा करने शीघ्रता से चल पड़े, परंतु स्थल गणेश जी ने माता-पिता अर्थात शिव पार्वती जी को एक शिला पर बिठाकर के पूजन कर उनकी ही परिक्रमा कर ली और कहा की जो पुत्र माता-पिता की परिक्रमा करते हैं उन्हें पृथ्वी की परिक्रमा करने का संपूर्ण तीर्थ की परिक्रमा करने का फल प्राप्त हो जाता है, तो मैं आप दोनों की परिक्रमा कर पृथ्वी की परिक्रमा कर ली है और अब आप मेरा विवाह कर दीजिए तो भगवान शंकर जी ने सहमति देते हुए गणेश जी का विवाह पहले करवा दिया। श्री पांडेय ने कहा कि इससे माता-पिता की महिमा प्रकट होती है। हम सभी को भी अपने घरों में विद्यमान प्रत्यक्ष देवता माता और पिता की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। घर के देवता माता-पिता दुखी हो, उपेक्षित हो, तो तीर्थ यात्रा करना भी व्यर्थ है। कथा श्रवण करने श्रीमती आशा कृष्णकांत तिवारी के साथ जगदीश तिवारी, विजय तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, राकेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, राजेश तिवारी, कमलकांत तिवारी,दीपक तिवारी, माधव प्रसाद पाण्डेय, जीवराखन तिवारी, राकेश पाण्डेय, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, मनमोहन दुबे, गोरेलाल मिश्रा, रामेश्वर साव, बोधराम धीवर सहित परिवार के सदस्य और श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आत्म चिंतन से जीवन को मिलती है सही दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला में सार्थक जीवन विषय पर व्याख्यान हुआ। इस अवसर पर बनारस से आए प्रख्यात प्रज्ञा पुराण कथावाचक अनिलेश तिवारी ने छात्र-छात्राओं को जीवन जीने की कला से परिचित कराया।

- सरस्वती शिशु मंदिर में सार्थक जीवन विषय पर व्याख्यान का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

उन्होंने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ और बहुमूल्य है। हमें ईश्वर से शरीर, बुद्धि और शक्ति प्राप्त होती है, जिनका सदुपयोग स्वयं, माता-पिता, गुरु और समाज के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम दूसरों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं, लेकिन स्वयं को नहीं पहचानते। आत्म-चिंतन और आत्म-ज्ञान से ही जीवन को सही दिशा मिलती है। अनिलेश तिवारी ने छात्रों को सात्विक जीवनशैली अपनाने, नियमित दिनचर्या, उत्तम साहित्य का अध्ययन और आध्यात्मिक चिंतन की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा और विद्या दोनों जीवन के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। छात्र जीवन को उन्होंने जीवन की नींव बताया और कहा कि इस कालखंड में एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में माता-पिता के साथ-साथ गुरु का भी विशेष स्थान होता है। गुरुजनों का सम्मान और उनके निर्देशों का पालन सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि मोबाइल के अधिक उपयोग से मानसिक व शारीरिक हानि होती है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य केशव कुमार कौशिक एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बिहारीलाल ताम्रकार ने किया। कार्यक्रम में धनंजय राय, महेश्वर कश्यप, ओमप्रकाश साहू, देव भूषण सिंह, दीपक साहू, दशरथ नामदेव, विजय सिंघानिया, अशोक शुक्ला, सविता कुम्हार, सपना सारथी, सत्या सिंह, सुषमा कौशिक सहित विद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिला प्रतिनिधि मंडल

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ संवाद कार्यालय नवा रायपुर में विभागीय अपर संचालक संजीव तिवारी के साथ हुई अभद्रता, झूमा-झटकी, गाली-गलौज और कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन और छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह घटना केवल एक शासकीय अधिकारी पर हमला नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की संस्थागत गरिमा और अनुशासन पर सीधा प्रहार है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और सरकार इस प्रकार की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक जे. एल. दरियो, उमेश मिश्रा, संयुक्त संचालक पवन गुप्ता, घनश्याम केशरवानी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# यूथ आईकॉन चौधरी होंगे सफलता संकल्प उत्सव के मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हरि लीला ट्रस्ट, बनारी (जांजगीर-नैला) द्वारा आयोजित "सफलता संकल्प उत्सव 2025" का भव्य आयोजन आगामी 16 अक्टूबर (गुरुवार) को होटल ड्रीम पॉइंट, जांजगीर में अपराह्न 4 बजे से किया जाएगा।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे प्रदेश सरकार के वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चौधरी, जिन्हें युवा प्रेरणा और उत्कृष्ट नेतृत्व के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े करेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा नारायण चंदेल, कलेक्टर जन्मेजय महोबे तथा पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों, संस्थाओं एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

- मेधावी छात्रों, समाजसेवियों और प्रेरक संस्थाओं का भव्य सम्मान समारोह 16 को

हरि लीला ट्रस्ट द्वारा आयोजित "सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता – महापरीक्षा अभियान" के मुख्य परीक्षा के चैंपियन और विद्यालय स्तरीय विजेताओं जनरल नॉलेज चैंपियन साथ ही 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेधावी छात्र सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत "प्रेरणा सम्मान" की श्रेणी में राज्यपाल/राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, समाजसेवी संस्थाएं, राष्ट्रीय खिलाड़ी, भूतपूर्व सैनिक, कवि-रचनाकार, रक्तदान संगठन, धार्मिक समितियाँ, खेल संघ पदाधिकारी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। हरि लीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने बताया कि "यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, सेवा भावना और सफलता की प्रेरणा जगाने का अभियान है। इस मंच के माध्यम से युवा पीढ़ी में राष्ट्रनिर्माण की भावना को प्रोत्साहित किया।

# जेठा में नया धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सक्ती।** जेठा में नया धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा जेठा और अन्य ग्रामों के किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल विष्णु देव साय मुख्य मंत्री के नाम कलेक्टर सक्ती को पुनः एक बार फिर मांग पत्र सौंपा है। अखिल भारतीय किसान सभा के कामरेड अनिल शर्मा व हरिश चंद्र चंद्रा ने संयुक्त बयान जारी कर बताया है कि ग्राम जेठा, साजाडेरा , भक्तूडेरा , भद्रीपाली और परसदा कला के 675 किसानों को हो रही परेशानियों से उन्हें बचाने और उनकी सुविधा के लिए अलग नया धान खरीदी केन्द्र ग्राम जेठा में खोले जाने की मांग लगातार 3 वर्षों से की जा रही है परन्तु किसानों की इस प्रमुख मांग पर जिला प्रसाशन, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, सहकारिता विभाग और न ही छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ ध्यान दे रही है जिससे उक्त पांचों गांवों के किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। अखिल भारतीय किसान सभा के नेताओं ने कलेक्टर से कहा कि इन पांच गांवों 675 किसानों और उनके खेतों का 2990 एकड़ रकबा अलग नया धान खरीदी (उपार्जन) केंद्र खोलने के मापदंड के अनुरूप है और मांग जायज है। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे कामरेड अनिल शर्मा व हरिश चंद्रा ने अमृत विकास टोपनो कलेक्टर सकती को ध्यान दिलाया कि गत वर्ष 30 अक्टूबर 2024 को जेठा में ही नया धान



खरीदी केन्द्र खोलने की मांग के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आन्दोलन किया गया था। अपर मुख्य सचिव छत्तीसगढ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय अटल नगर रायपुर . प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ नया रायपुर सहित संबंधित अन्य अधिकारियों को जेठा में नया धान खरीदी (उपार्जन ) केन्द्र खोले जाने संबंधी अनुशंसा पत्र भेजा है । ज्ञापन सौंपने वाले किसानों में अखिल कामरेड अनिल शर्मा के अलावा हरिशचंद्र चंद्रा, राजू यादव, दिग्विजय सिदार, राम सिंह कंवर, हिमांशु यादव, के डी महंत, दुलार साय यादव, मुकेश यादव शामिल रहे।

# ग्राम देवता हरचन लाल मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के रामबांधा तालाब चैपाटी मार्ग स्थित ग्राम देवता हरचन लाल मंदिर के पुनर्निर्माण पश्चात रविवार 12 अक्टूबर को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आचार्य पं. कृष्णा द्विवेदी द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया।

मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम स्थानीय मां सम्लेश्वरी व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष तथा पूर्व जमीदार कुंवर भिवेन्द्र बहादुर सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सविता देवी सिंह ने विधि-विधान से सम्पन्न किया। इसके बाद दोपहर 12 बजे से मंदिर के समक्ष आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को अपरान्ह 3 बजे तक प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कुंवर भिवेन्द्र बहादुर सिंह के अलावा प्रमुख रुप से कृष्णा राव भूरे, अनिल वनकर, विजय सोनी, रमेश देवांगन, वासुदेव सोनी, ऋषि देवांगन, संतोष सोनी, वासुदेव सोनी, महेन्द्र देवांगन, छोटे मिस्त्री, सुशील मोदी, किशोर गोदेजा, अजय थवाईत के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराये जाने के बाद शुभ मुहुर्त देखकर रविवार को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह मंदिर नगर के लोगों की आस्था का बड़ा केन्द्र है। श्रद्धालु जन इसे नगर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के पुनर्जागरण का प्रतीक मान रहे है।



श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते सदस्यगण

### सतनाम संदेश यात्रा के पामगढ़ पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

# मानव-मानव एक समान व नशा मुक्ति के संदेश को लेकर निकाली जा रही यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

मानव मानव एक समान,नशा मुक्ति एवं सद्भावना बनाये रखने के संदेश को लेकर सतनाम भवन मुंगेली से 10 अक्टूबर को निकली सतनाम संदेश पद यात्रा का सोमवार को सुबह पामगढ़ पहुंचने पर सतनामी समाज के प्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

पदयात्रा का नेतृत्व,शंकर बंजारा डोमन सोनवानी,चेतन दास कुर्रे कमलओगरे, विक्की अनंत, तिलक चतुर्वेदानी, खेदु बंजारे चेतन दास कुर्रे, ओंकार बंजारे द्वारा किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में सामाजिक बंधु इस यात्रा में चल कर पदयात्रा कर रहे है । यह यात्रा 10 अक्टूबर को मुंगेली से निकली है जो बेमेतरा, बिलासपुर, जांजगीर चाम्पा, बलौदाबाजार जिले का भ्रमण करते हुए 15 अक्टूबर को बाबा गुरु घासीदास जी के जन्म स्थली गिरौदपुरी धाम में समाप्त होगी। पदयात्रा का पामगढ़ पहुंचने पर सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने उनका कृष्णा टेंट हाउस के पास स्वागत कर पदयात्रियों को स्वल्पाहार कराया। ततपश्चात पदयात्रा अपने गंतब्य के लिए रवाना हुई। सतनाम सन्देश यात्रा का स्वागत करने वाले सतनामी समाज के प्रमुख लोगों में डमरू प्रसाद मनहर, सदस्य प्रदेश कार्यकारणी छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, मुकेश रात्रे अध्यक्ष सतनामी सूर्यवंशी समाज पामगढ, विभीषण पात्रे पूर्व अध्यक्ष, श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े अध्यक्ष नगर पंचायत पामगढ, रामखिलावन दिनकर, रामेश्वर अनंत, नरेंद्र भास्कर, जे पी बघेल, तेरस राम टंडन, कृष्णा रात्रे, शशिप्रताप टांडे अध्यक्ष ब्यापारी कल्याण संघ पामगढ, गुहा राम खूंटे, देव लहरे, नगर पंचायत के सदस्य गण तथा समाज के अधिकारी कर्मचारी और सतनामी समाज के बुद्धजीवी गण भारी संख्या में उपस्थित थे।



सतनाम संदेश यात्रा का स्वागत करते समाज के लोग।

